भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2366

6 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषयः खरीफ फसल हेतु खरीद लक्ष्यः

2366: डॉ. गुम्मा तनुजा रानीः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मानसून ऋतु में उतार-चढ़ाव के फलस्वरूप क्षेत्र में कमी होने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने खरीफ फसल हेतु खरीद लक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

(श्री राम नाथ ठाकुर)

(क) और (ख): कृषि वर्ष (जुलाई-जून) के लिए, प्रथम अग्रिम अनुमान (प्रमुख खरीफ फसलों को शामिल करते हुए) अक्टूबर माह में जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, खरीफ फसलों की बुआई अभी भी जारी है। अतः सम्पूर्ण देश में विभिन्न खरीफ फसलों के तहत कुल बोए गए क्षेत्र पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।

(ग) से (ङ): भारत सरकार द्वारा धान (चावल के संदर्भ में) की खरीद अनुमानों को राज्य सरकारों और भारतीय खाद्य निगम के परामर्श से अनुमानित उत्पादन, विपणन योग्य अधिशेष और कृषि फसल पैटर्न के आधार पर प्रत्येक विपणन मौसम के प्रारंभ होने से पहले अंतिम रूप दिया जाता है।

******